0272

No. of Printed Pages : 3

ई.एस.-345

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा, 2019

ई.एस.- 345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे **अधिकतम भारिता : 70%**

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।

---

1. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   कहानी शिक्षण का महत्त्व तथा प्रयोजन स्पष्ट करते हुए कहानी शिक्षण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

   अथवा

   निबन्ध की शिक्षण प्रक्रिया स्पष्ट करते हुए निबन्ध शिक्षण सम्बन्धी विविध सोपानों की क्रियाविधि बताइये।

2. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

भाषा क्या है ? भाषा के प्रकार्यों पर प्रकाश डालिए। भाषा की प्रकृति स्पष्ट करते हुए अन्य विशेषताएं भी बताइए।

अथवा

हिन्दी शिक्षण में पाठ्यपुस्तकों का क्या महत्त्व है ? एक अच्छी पाठ्यपुस्तक के गुण बताते हुए पाठ्यसामग्री के प्रस्तुतीकरण पर प्रकाश डालिए।

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर प्रति प्रश्न लगभग 150 शब्दों में लिखिए :

(a) भाषा के माध्यम से समाज का नियमन कैसे संभव है ?

(b) कौशलात्मक शिक्षण के उद्देश्य लिखिए।

(c) त्रिभाषा सूत्र स्पष्ट कीजिए।

(d) पाठ्यपुस्तक निर्माण के अध्ययन पक्ष की 5 विशेषताएँ लिखिए।

(e) एक अच्छे प्रश्न की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

(f) भाषा शिक्षण के क्षेत्र से उदाहरण देते हुए शिक्षण सूत्रों को स्पष्ट कीजिए।

(g) भाषा विकास के स्तरों को आयु के अनुसार वर्गीकृत कीजिए।

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

उपचारात्मक शिक्षण के आधारभूत सिद्धान्त बताइये। माध्यमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम से किसी भी विषय पर उपचारात्मक शिक्षण की एक पाठ-योजना तैयार कीजिए।

----- x -----